-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना गिरवां पुलिस द्वारा मां विन्ध्यवासिनी धाम मेले में खोए 03 बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत मां विन्ध्यवासिनी मेले में खोए 03 बच्चों को थाना गिरवां पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि थाना गिरवां क्षेत्रान्तर्गत अकबरपुर में मां विन्ध्यवासिनी धाम मन्दिर में अपने परिजनो के साथ दर्शन-पूजन करने व मेले में आये 03 बच्चे 1-हर्ष अग्निहोत्री पुत्र पकंज उम्र करीब 04 वर्ष निवासी गडाव थाना बिसण्डा जनपद बांदा, 2-प्रियांशु पुत्र बिल्लू उम्र करीब 07 वर्ष निवासी मलेहरा नेवादा थाना गिरवां जनपद बांदा व 3- श्रृष्टि पुत्री धीरु उम्र करीब 04 वर्ष निवासी पतौरा थाना गिरवां जनपद बांदा गुम हो गये। जिनके परिजनों द्वारा पुलिस बूथ/कण्ट्रोल रुप पर सूचना दी गयी। कण्ट्रोल रुम द्वारा मेले में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को सतर्क किया गया। पुलिस के त्वरित प्रयासों से तीनों बच्चों शीघ्र ही सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पुलिस की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

बरामद करने वाली टीम-

1. चौकी प्रभारी विन्ध्यवासिनी धाम श्री शिवबीर सिंह
2. म0कां0 ट्विंकल पाल
3. म0का0 पूजा